# आखिर अवैध कॉलोनियों के कारोबार में लगे लोगों पर कब होगी कार्रवाई ...

## रेरा के नियम विरुद्ध शहर से लेकर गांव तक फैली बिना लाइसेंस के विकसित हो रही अवैध कालोनियां, शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई के अभाव में नही थम रहा काला कारोबार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 फरवरी। रेरा के नियम विरुद्ध शहर से लेकर गांव तक फैली बिना लाइसेंस के विकसित हो रही अवैध कालोनियां पर शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई के अभाव में काला कारोबार नही थम रहा। अवैध कालोनियों का काला कारोबार प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।**

बताते चलें कि अवैध कालोनियों पर विगत वर्ष प्रदेश के नगरीय एवं विकास आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा 23 जुलाई 2024 को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया था कि प्रदेश में अवैध कालोनियों पर तत्काल रोक लगे और दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय। विडम्बना यह है कि सीधी में उक्त आदेश पर धरातल में कोई कार्रवाई आज तक नहीं की गई। लिहाजा अवैध कालोनियों की बसाहट का काम काफी तेजी के साथ चल रहा है।





जिला मुख्यालय के समीप ग्रामीण क्षेत्रों में रेरा के नियमों की अनदेखी खुलेआम करते हुये प्लाटिंग कर भूखंड बेंचने का काला कारोबार निर्वाध रूप से जारी है। इस कार्य में संबंधित हल्का पटवारियों की पूरी सहभागिता है। लम्बे समय से इसी वजह से हल्का पटवारी यहां जमे हुये हैं और उन पर स्थानांतरण के नियम भी बेअसर हैं। सीधी में विकसित हो रही अवैध कालोनियों के खिलाफ लम्बे समय से शिकायतें की जा रही हैं।

उक्त शिकायतों के तारतम्य में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के अपर आयुक्त द्वारा पत्र क्रमांक 14426, दिनांक 23.08.2023 को कलेक्टर सीधी को निर्देशित किया गया था कि नगर पालिका परिषद सीधी एवं समीपी ग्रामों में भूमाफियाओं द्वारा बिना डायवर्सन कराकर विधि विरूद्ध तरीके से भूमियों की की जा रही प्लाटिंग पर रोक लगाया जाकर भूमियों के विक्रय को प्रतिबंधित करते हुये सभी सुविधाओं पर वैधानिक कार्रवाई की जाय। उक्त शिकायत बृजेशनाथ शास्त्री उपाध्यक्ष मददगार इंसाफी दस्ता वार्ड क्रमांक 10 सीधी के द्वारा कलेक्टर सीधी के यहां 29 अक्टूबर 2025 को आवेदन देकर शिकायत की गई है। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### यहां विकसित हो रहीं अवैध कॉलोनियां

नगर पालिका सीधी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 क्षेत्रांतर्गत ग्राम सीधी कला, वार्ड क्रमांक 21 एवं 23 के ग्राम मड़रिया में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। वार्ड क्रमांक 20 डैनिहा में कई व्यक्तियों द्वारा बिना डायवर्टेड आवासीय प्लाट का विक्रय किया गया है। वहीं पड़ैनिया खुर्द, पड़ैनिया पवाई, पड़ैनिया कला, सीधी कला, सोनाखांड, पटपरा, मार्ग आदि स्थानों पर भूमियों का बिना डायवर्सन कराये प्लाटिंग कर विक्रय किया जा रहा है।

### अवैध कॉलोनियों में धन कुबेर रसूखदारों ने लगाया है पैसा

अवैध कालोनियों को विकसित करने में धन कुबेर रसूखदारों द्वारा पैसा लगाया गया है। करोड़ों की लागत से एक मुश्त बड़ी भूमि खरीदने के बाद ऐसे लोग कालोनाइजर एक्ट का पालन करने की बजाय मनमानी तरीके से प्लाटिंग कर बेंचना शुरू कर देते हैं। ऐसे लोग प्लाटिंग करने के दौरान 15, 25, 30 फिट चौड़ी सड़क की सुविधा नहीं देते। कुछ लोग दे भी रहे हैं तो सड़क को पक्की कराकर देने की बजाय समतलीकरण भी नहीं कराते। प्लाटिंग स्थल पर पर्याप्त मात्रा में विद्युत पोल लगने चाहिए साथ ही गंदे पानी की निकासी के लिये नाली की सुविधा होनी चाहिए।

### इनका कहना है

बिना वैधानिक अनुमति के प्लाटिंग कर बेंचना 100 प्रतिशत गलत है। जहां से भी इस तरह की शिकायतें प्राप्त होंगी, उस पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जावेगी। अवैध तरीके से जहां प्लाटिंग की जा रही है वहां पर्याप्त चौड़ाई की सड़क, नाली एवं विद्युत पोल का अभाव होता है। ऐसे स्थान में प्लाट खरीदने वाले फंस जाते हैं और उन्हें सुविधाओं के लिये मोहताज होना पड़ता है।

**राकेश शुक्ला**
**एसडीएम गोपदबनास सीधी/प्रभारी सीएमओ नपा सीधी**

# भक्ति ईश्वर के प्रति निश्छल भक्ति और प्रेम को प्रदान करने वाला है : मैथिलीशरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 फरवरी। श्रीराम कथा की द्वितीय संध्या में कथा का विस्तार करते हुए श्री रामकिंकर विचार मिशन के परमाध्यक्ष संत मैथिलीशरण जी महाराज ने सत्संग के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि सत्संग (सज्जनों की संगति) परम कल्याणकारी, समस्त दु:खों का नाश करने वाला और ज्ञान तथा भक्ति को प्रदान करने वाला है।**

बिनु सत्संग विवेक न होई- सत्संग के बिना विवेक नहीं होता। विभीषण ने सत्संग के कारण ही रावण की कुबुद्धि का त्याग कर भगवान राम का मार्ग चुना। महाराज



श्री ने कहा कि सत्संग सकल सुमंगल दायक- सम्पूर्ण मंगल करने वाला माना गया है। यह जीवन की सभी बाधाओं को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जैसे पारस के स्पर्ष से लोहा सोना बन जाता है, उसी प्रकार सत्संग के प्रभाव से दुष्ट भी सुधर जाते हैं। हनुमान जी के माध्यम से सत्संग एवं हनुमान जी की भक्ति ईश्वर के प्रति निश्चल भक्ति और प्रेम को प्रदान करने वाला है। सत्संग से मन शांत होता है, आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और जीवन के भय से मुक्ति प्राप्त होती है। विभीषण का राम के प्रति समर्पण और हनुमान जी का मिलन सत्संग के माध्यम से ही संभव हो पाता है जो सकल सुमंगल दायक कहा गया है।

आज की कथा में प्रमुख रूप से सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्र, डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, रामचरण शुक्ल, लंदन सिंह, राजीव पाण्डेय, विनोद शुक्ल, रुक्मिणी प्रसाद मिश्र, जे.एल.पाण्डेय, अम्बिका प्रसाद पाण्डेय, मनोज तिवारी आदि उपस्थित रहे। मंच का बोधगम्य संचालन डॉ.रामलला शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य द्वारा किया गया।


# सीधी संसदीय क्षेत्र में सड़क विकास को मिली नई रफ्तार

## सांसद डॉ .राजेश मिश्र ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का जताया आभार

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 फरवरी। सीधी संसदीय क्षेत्र में आधारभूत विकास को नई मजबूती मिली है। क्षेत्र में सड़कों की स्वीकृति मिलने पर सांसद डॉ.राजेश मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।**

सांसद डॉ.राजेश मिश्र ने कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में उनके संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सीधी एवं सिंगरौली जिलों तथा शहडोल जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में



महत्वपूर्ण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि सीधी जिले में 36, सिंगरौली जिले में 41 तथा ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में 11 सड़कों सहित कुल 88 सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिससे क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होगा और ग्रामीण- शहरी कनेक्टिविटी मजबूत होगी। सीधी जिले के लिये स्वीकृत मार्गों में बारपान गोपदपुल से भैंसाहुड प्रधानमंत्री सड़क मार्ग निर्माण, कुसमी में रेलवे गेट से धुआंडोल पहुंच मार्ग, कुसमी में राजकुमार पटवा के घर से कालू गुप्ता के घर तक मार्ग निर्माण, ग्राम दरीमाडोल में चंदा जायसवाल के घर से बजबई पहुंच मार्ग, रामसजीवन विश्वकर्मा के घर फिरकिनी उमरिहा पहुंच मार्ग, अहिरान टोला में जनपद सदस्य राधा यादव के घर से तेंदुई टोला से लेकर हनुमानगढ़ पंचायत तक मार्ग, कुशमहर हनुमान मंदिर से माटा तक सड़क निर्माण, मझिगवां नं.2 में देउहा टोला से परिहासी तक मार्ग, मझिगवां हरिजन बस्ती पहुंच मार्ग एवं ग्राम पहुंच मार्ग आदि शामिल हैं।

सांसद डॉ.मिश्र ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से आधारभूत संरचना सुदृढ़ होने के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और सामाजिक विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# चुरहट क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी नई सड़कें : ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री

नवभारत न्यूज

**चुरहट 19 फरवरी। जनता की मांग व आवश्यकता को देखते हुए चुरहट विधायक व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के प्रयासों से वर्तमान बजट सत्र में सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में चुरहट क्षेत्र की कई सड़कों के डामरीकरण किये जाने का प्रावधान रखा गया है।**

चुरहट क्षेत्र में स्वीकृत की गई नई सड़कों को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। वर्षों से जर्जर मार्गों और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल



आवागमन सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी। चुरहट विधायक श्री राहुल के रामपुर नैकिन जनपद के विधायक प्रतिनिधि एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री गुरूबाबा ने जानकारी देते हुए कहा है कि चुरहट क्षेत्र में नई सड़कों के बन जाने से गांव-गांव का संपर्क मुख्य मार्गों से बेहतर होगा। किसान अब अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुंचा सकेंगे, विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में सुविधा होगी तथा मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में कम समय लगेगा। व्यापार और छोटे उद्योगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जिन सड़को के लिए बजट में प्रावधान किया गया वो क्रमश: चुरहट से अमिलिया पहुंच मार्ग, रामसजीवन विश्वकर्मा के घर से हिरकिनि उमरिहा पहुंच मार्ग, ग्राम अहिरान टोला मुख्य मार्ग से जनपद सदस्य श्रीमती राधा यादव के घर से तेदुई टोला हरिजन बस्ती होते हुए माध्यमिक शाला टोला ग्राम पंचायत हनुमानगढ़, कुशमहर हनुमान मंदिर से माटा पीएमजीएसवाय मार्ग तक, मझिगवां हरिजन बस्ती पहुंच मार्ग, मधुगांव से हिनौती मार्ग, अमिलई-वरहट पहुंच मार्ग, बाघढ़ से मउझर मार्ग, अगडाल बरदैला-बेलकसरी-वसजिया पहुंच मार्ग, मवई-कैमोर पहाड़ मार्ग, एसएच 49 से नैकिन लालन टोला बघवार रेल्वे स्टेशन मार्ग शामिल है।

क्षेत्रवासियों का मानना है कि ये सड़कें चुरहट के लिए मील का पत्थर साबित होंगी और आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं व्यापार के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# करमाई में जीपीडीपी निर्माण के लिए प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**मझौली 19 फरवरी। जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत करमाई में ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी) तैयार करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीधी के अतिरिक्त सीईओ एवं जपं मझौली सीईओ धनंजय मिश्रा, अशोक कुमार माथुर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा प्रदीप कुमार मांडले, सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा वीरेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर के रूप में रामजन्म गुप्ता, चंद्रमणि विश्वकर्मा एवं नितिन



कुमार तिवारी द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में ग्राम विकास योजनाओं की तैयारी, स्थानीय आवश्यकताओं का आंकलन, संसाधनों का समुचित उपयोग एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर सुदृढ़ एवं सहभागी योजना निर्माण सुनिश्चित करना तथा ग्रामीण विकास को गति प्रदान करना रहा।

### एक नजर में

### वन मंडल स्तरीय शाखकर्तन कार्यशाला आयोजित

**सीधी।** वर्ष 2026 के तेन्दूपत्ता सीजन के संदर्भ में वन मण्डल स्तरीय शाखकर्तन कार्यशाला का आयोजन 18 फरवरी 2026 को प्रसंस्करण केन्द्र गांधीग्राम में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता वन मण्डल अधिकारी एवं पदेन प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित सीधी द्वारा की गई। कार्यशाला में उप वन मण्डल अधिकारी सीधी एवं मझौली, समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी (सामान्य वन मण्डल सीधी), जिला यूनियन के अध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्य, जिला वनोपज यूनियन सीधी अंतर्गत आने वाली 51 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के रोकड़पाल, फड़ अभिरक्षक, समिति अध्यक्ष एवं प्रबंधक तथा फड़मुंशी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष जिला यूनियन सीधी के अंतर्गत 1,06,411 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अच्छी गुणवत्ता के शाखकर्तन कार्य, शाखकर्तन मजदूरी का समय पर भुगतान, एकलव्य शिक्षा विकास योजना के प्रचार-प्रसार, संग्राहकों का सर्वे रजिस्टर तैयार करने, गुणवत्ता युक्त तेन्दूपत्ता संग्रहण, 50 पत्तों की गड्डी बनाने तथा समय पर संग्रहण भुगतान सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं प्रबंधकों को विस्तृत समझाइश दी गई। चर्चा के दौरान कार्य में आने वाली कठिनाइयों के समाधान के उपायों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला उपरांत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति गांधीग्राम अंतर्गत ग्राम गांधीग्राम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अच्छी गुणवत्ता का शाखकर्तन कराने हेतु शाखकर्तन कार्य का प्रदर्शन भी कराया गया।

### पुलिस ने 6 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**सीधी।** थाना जमोड़ी पुलिस ने फरार अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने लम्बे समय से फरार चल रहे 1 स्थाई वारंटी सहित कुल 6 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने क्षेत्र में दबिश देकर उन आरोपियों को दबोचा जो लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में एक ऐसा अपराधी भी शामिल है जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में अजय शंकर पनिका पिता बुद्धसेन पनिका निवासी तेगवा न्यायालय द्वारा इनके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था।संजू साकेत पति सूरज साकेत निवासी पड़खुरी नं.1, सूरज साकेत पिता विश्वनाथ साकेत निवासी पड़खुरी नं.1, विश्वनाथ साकेत पिता बंभोली साकेत निवासी पड़खुरी नं.1, सुनील साकेत पिता विश्वनाथ साकेत निवासी पड़खुरी नं.1, अमित कुमार बैगा पिता रंग देव बैगा निवासी गांधीग्राम उपरोक्त सभी आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहे थे, जिनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। सभी को वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। इस प्रभावी कार्यवाही में उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोड़ी, प्रधान आरक्षक सुनील बागरी, गुरु प्रसन्न सिंह, आरक्षक मानेन्द्र, अभिषेक महिला आरक्षक सविता तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में धूमधाम से मनी छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

नवभारत न्यूज

**चुरहट 19 फरवरी। चुरहट स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में महान मराठा सेनानी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े उत्साह, श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।**

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रवासन नीति के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय हिंगोली महाराष्ट्र से आए माइग्रेशन विद्यार्थियों ने विशेष प्रस्तुतियाँ दीं। इस दौरान भाषण एवं शिव गर्जना कार्यक्रम का



मुख्य आकर्षण रहे। माइग्रेशन छात्र मास्टर बद्रीनाथ गाड़ें एवं छात्रा गायत्री आसुरे ने मराठी भाषा में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। मास्टर सर्वेश रामन गिरे ने हिन्दी तथा सुमित महामुने ने अंग्रेजी भाषा में अपने विचार व्यक्त किए। प्रवासन छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शिव गर्जना ने वातावरण को जोश एवं उत्साह से भर दिया।

स्थानीय विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कक्षा 12वीं के छात्र मोहित ने दमदार शिव गर्जना प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ.डी.के.त्रिपाठी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शौर्य, साहस, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया।

# 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा आज से

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 फरवरी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक संचालित की जाएंगी। परीक्षा हेतु समस्त दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी जारी कर दी गई है। एपीसी अकादमिक विष्णु पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रश्न पत्रों का वितरण गोपनीय रूप से जिले के 64 जन शिक्षा केन्द्रों में कर दिया गया है तथा उन्हें जनशिक्षा केन्द्र प्रभारियों की अभिरक्षा में सुरक्षित संधारित किया गया है। जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी द्वारा संबंधित केन्द्राध्यक्षों को प्रत्येक परीक्षा दिवस प्रश्न पत्र के पैकेट उपलब्ध कराए जाएंगे तथा परीक्षा उपरांत पुन: अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखे जाएंगे। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं सीईओ जिपं शैलेन्द्र सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में डीईओ द्वारा परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला स्तरीय अधिकारियों एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अमले को परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा दिवस सतत निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

# उर्मिलेश्वर धाम सीधी में प्रकट हुए श्रीकृष्ण राधा युगल सरकार

## उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर सीधी में श्रीकृष्ण रासलीला की मनमोहक प्रस्तुति, दण्डी स्वामी निर्भयानंद सरस्वती के सानिध्य में हो रहा आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 फरवरी। शहर के समीप तिलक नगर पड़रा सीधी के उर्मिलेश्वर धाम में दण्डी स्वामी निर्भयानंद महराज के परम सानिध्य में श्रीकृष्ण लीला प्रचार मंडल श्रीधाम वृंदावन कालीदह के व्यास स्वामी बृजेश शर्मा की मंडली के द्वारा श्रीकृष्ण रासलीला की मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है।**

उर्मिलेश्वर धाम में 18 फरवरी से 26 फरवरी तक रासलीला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोक संगीत एवं फाग गीतों की प्रस्तुति भी की जाएगी। उक्त रासलीला का शुभारंभ बुधवार को किया गया। जिसमें समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार एवं साथियों के द्वारा भगवान श्रीराधा



कृष्ण युगल सरकार की आरती कर वृंदावन से आए समस्त रासलीला के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रथम दिवस पर निकुंज की श्रीराधा कृष्ण एवं उनकी अष्ट सखियों के द्वारा रासलीला का मंचन किया गया। तत्पश्चात कंस संवाद, देवकी वसुदेव विवाह एवं कृष्ण जन्म की लीला की प्रस्तुति श्रीराम कृष्ण लीला प्रचार मंडल श्रीधाम वृंदावन के द्वारा किया गया। जिसमें ठाकुर जी श्रीकृष्ण की भूमिका दीवेश शर्मा, श्रीजी की भूमिका नैतिक शर्मा, श्रीजी की अष्ट सखियों की भूमिका में करण शर्मा, गोविंद शर्मा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, देव कुमार शर्मा, रामवीर शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कान्हा जी दिगंबर शर्मा, हरीष शर्मा, छोटू मिश्रा, ऋषि मिश्रा ने भी मनपसंद अभिनय किया। श्रीराम कृष्ण प्रचार मंडल श्रीधाम वृंदावन कालीदह के व्यास बृजेश शर्मा जी के निर्देशन व मार्गदर्शन में सभी कलाकारों में अपनी-अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां रासलीला के दौरान दी। उक्त रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर बाल लीला, बृज लीला, द्वारिका लीला सहित अन्य लीलाओं का मंचन प्रति दिन शायं 7 बजे से उर्मिलेश्वर धाम तिलकनगर पड़रा में किया जाएगा।

### आज होगी संगीत की प्रस्तुति

उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पड़रा सीधी में चल रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में आज राष्ट्रीय लोक गायिका सुश्री मान्या पाण्डेय के द्वारा लोक गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही 23 फरवरी को प्रसिद्ध लोक गायक नारेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन में फाग गीतों की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही लोक नृत्य, लोक वाद्य एवं जनजातीय गीतों की भी प्रस्तुति की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार ने बताया कि उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर में 17 फरवरी से 26 फरवरी तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रासलीला, लोक संगीत के आयोजन के साथ 26 फरवरी को शिवलिंग की स्थापना एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे गुरुदेव दण्डी स्वामी निर्भयानंद सरस्वती के सानिध्य में पहली बार शहर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हो रहा है। विनय कुमार सिंह ने शहर एवं जिले के समस्त आम जनों से उक्त रासलीला में पहुंचने की अपील की है।